हिंदी विभाग

सत्र 2025-26

परिचय सत्र

हिंदी विभाग द्वारा स्नातक प्रथम वर्ष के छात्रों के लिए विशेष परिचय सत्र रखा गया इसमें नव प्रविष्ट विद्यार्थियों को हिंदी विषय की महत्वता, उपयोगिता, सार्थकता और संभावनाओं के बारे में विस्तृत चर्चा की गई। विभाग के प्राध्यापक डॉ सत्यनारायण स्नेही और डॉ बबीता ठाकुर ने हिंदी विभाग द्वारा वर्ष भर में विद्यार्थी केंद्रित और विषय केंद्रित गतिविधियों की जानकारी दी साथ ही विषय की सरलता और जटिलता बारे चर्चा की और सभी का परिचय दिया।

हिंदी पखवाड़ा

हिंदी विभाग द्वारा हिंदी पखवाड़े के अंतर्गत दिनांक 8 सितंबर 2025 को भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया इसमें हिंदी भाषा और साहित्य विषयक भाषण विद्यार्थियों ने दिए । इसमें स्नेहा प्रथम और स्नेहा शर्मा दूसरे स्थान पर रही इसी दिन हिंदी विषयक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता करवाई गई ।जिसमें नीलाक्षी प्रथम और ऐश्वर्या ने दूसरा स्थान प्राप्त किया,

हिंदी पखवाड़े के अंतर्गत दूसरे दिन अर्थात 9 सितंबर 2025 को हिंदी निबंध और नारा लेखन प्रतियोगिताएं करवाई गई। इसमें जन भाषा हिंदी और कृत्रिम बुद्धिमत्ता पर निबंध लिखे गए । निबंध लेखन में सानिया प्रथम और रिमझिम दूसरे स्थान पर रही। नारा लेखन में गरिमा प्रथम और निलाक्षी दूसरे स्थान पर रही। दिनांक 10 सितंबर 2025 को सुलेख लेखन और पोस्ट निर्माण प्रतियोगिता के साथ कविता वाचन प्रतियोगिता करवाई गई। सुलेख लेखन में विद्यार्थियों को एक अनुच्छेद लिखना था जिसमें लिखावट और वर्तनी को मध्यनजर रखते हुए मूल्यांकन किया गया । पोस्टर में हिंदी महत्वता और उपयोगिता तथा कविता वाचन में मौलिकता को अहमियत दी गई।

हिन्दी विभाग
भाषण प्रतियोगिता



हिंदी उत्सव
हिन्दी विभाग

महाविद्यालय
हिन्दी दिवस
2025

हिंदी उत्सव

हिंदी उत्सव दिनांक 17 सितंबर 2025 को मनाया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्रख्यात कथाकार एस आर हरनोट मौजूद रहे। दरअसल उनकी कहानियों को पाठ्यक्रम में भी पढ़ाया जाता है । पहली बार पढ़े जा रहे

रचनाकार से विद्यार्थियों का सीधा संवाद हुआ। महाविद्यालय की प्राचार्य एवं सभी आचार्य गण इस कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित रहे। विद्यार्थियों ने इस उत्सव में रचनात्मक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए । गरिमा और मनीषा का कविता पाठ विशेष रूप से आकर्षण का केंद्र रहा। स्नेहा ने भाषण सानिया ने लोक संस्कृति विषयक पीपीटी के माध्यम से ठियोग क्षेत्र की लोक संस्कृति के विविध रूप दर्शकों के सामने प्रस्तुत किये। द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों का डगयाली नाच, नीलक्षी का अर्धकत्थक और हर्ष की कबीर वाणी तथा स्मृति का लोकगीत इस कार्यक्रम की बेहतरीन प्रस्तुतियां रही। पहाड़ी नाटी के साथ यह कार्यक्रम संपन्न हुआ। हिंदी पखवाड़े के अंतर्गत हुई विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजेताओं को मुख्य अतिथि के हाथों पुरस्कृत किया गया ।इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों के लिए जलपान तथा अतिथियों तथा के लिए दोपहर भोज की व्यवस्था की गई। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ भूपेंद्र सिंह ठाकुर ने इस अवसर पर कहा कि इस तरह के रचनात्मक का कार्यक्रमों से विद्यार्थियों के अंदर जहां अपनी प्रतिभाओं को प्रदर्शित करने का अवसर मिलता है ,वहीं उनमें एक आत्मविश्वास विकसित होता है और दूसरे विद्यार्थियों को बहुत कुछ सीखने का मौका मिलता है। निःसंदेह हिंदी विभाग का यह एक बेहतरीन और व्यवस्थित कार्यक्रम रहा और जिसकी पूरी महाविद्यालय में प्रशंसा की गई।



GPS Map Camera
Theog,Himachal Pradesh,India
Theog Bypass Road, Theog, Theog, Himachal Pradesh 171201, India
Lat 31.119692, Long 77.357340
09/17/2025 11:36 AM GMT+05:30
Note : Captured by GPS Map Camera